TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar


जयंती विशेष
03 जनवरी 2026
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
शिक्षा स्वर्ग का द्वार खोलती है स्वयं को
जानने का अवसर देती है ।
सावित्रीबाई फुले
( समाज सेविका )
जन्म : 03 जनवरी 1831 मृत्यु : 10 मार्च 1897
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष 3 जनवरी

मधु प्रिया

## सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी



सावित्रीबाई का जन्म 3 जनवरी, 1831 को नायगांव (वर्तमान में सातारा जिले में) में कृषि परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम खंडोजी नेवसे पाटील और माता का नाम लक्ष्मी था। वे परिवार की सबसे बड़ी बेटी थी। उन दिनों की लड़कियों का जल्दी ही विवाह कर दिया जाता था, इसलिए प्रचलित रीति-रिवाजों के बाद नौ वर्षीय सावित्रीबाई की शादी 1840 में 12 वर्षीय ज्योतिराव फुले से साथ हुई। ज्योतिराव एक विचारक, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता और जाति-विरोधी सामाजिक सुधारक थे। उन्हें महाराष्ट्र के सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रमुख आंदोलनकारियों में गिना जाता है। सावित्रीबाई की शिक्षा उनकी शादी के बाद शुरू हुई। यह उनके पति ही थे जिसने सावित्रीबाई को सीखने और लिखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एक सामान्य स्कूल से तीसरी और चौथी की परीक्षा पास की। जिसके बाद उन्होंने अहमदनगर में मिस फरार इंस्टीट्यूशन में प्रशिक्षण लिया। ज्योतिराव अपने सभी सामाजिक प्रयासों में सावित्रीबाई के पक्ष में दृढ़ता से खड़े रहते थे।सावित्रीबाई के दत्तक पुत्र यशवंतराव ने एक डॉक्टर के रूप में लोगों की सेवा करना शुरू किया। जब 1897 में बुलेसोनिक प्लेग महामारी ने नालसपोरा और महाराष्ट्र के आसपास के इलाके को बुरी तरह प्रभावित किया, तो साहसी सावित्रीबाई और यशवंतराव ने बीमारी से संक्रमित रोगियों का इलाज करने के लिए पुणे के बाहरी इलाके में एक क्लिनिक खोला। वह इस महामारी से पीड़ितो को क्लीनिक में ले आती जहाँ उनका बेटा उन रोगियों का इलाज करता था। रोगियों की सेवा करते हुए वह खुद भी इस बीमारी की चपेट में आ गयी। 10 मार्च 1897 को सावित्रीबाई का निधन हो गया। text

# जयंती विशेष 03 जनवरी




आज ही के दिन 1831 में देश की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा के नायगांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाई और भारत में महिला शिक्षा की अगुआ बनीं।



राकेश कुमार

TOB खेल कॉर्नर



# भारतीय महिला टीम के टी-20 में सबसे बड़े स्कोर

| स्कोर | Vs | मैदान | तारीख |
|---|---|---|---|
| 221/2 | श्रीलंका | तिरुवनंतपुरम | 28 दिसंबर 2025 |
| 217/4 | वेस्टइंडीज | डीवाई पाटिल | 19 दिसंबर 2024 |
| 210/5 | इंग्लैंड | नॉटिंघम | 28 जून 2025 |
| 201/5 | यूएई | दांबुला | 21 जुलाई 2024 |
| 198/4 | इंग्लैंड | ब्रेबोर्न | 25 मार्च 2018 |

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: January 2026

**प्रथम शनिवार**

दिनांक **03.01.2026**

शीतलहर से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी



**द्वितीय शनिवार**

दिनांक **10.01.2026**

सड़क / रेल दुर्घटना से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी



**तृतीय शनिवार**

दिनांक **17.01.2026**

भूकंप के संदर्भ में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास



**चतुर्थ शनिवार**

दिनांक **24.01.2026**

बाल शोषण से बचाव एवं बाल विवाह तथा बाल अधिकार के बारे में जानकारी



**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **03.01.2026**

## अभिव्यक्ति और माध्यम

अभिव्यक्ति **(Expression)** का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं और अनुभवों को प्रकट करना, जबकि माध्यम **(Medium)** वह साधन या तरीका है जिसके द्वारा यह अभिव्यक्ति की जाती है, जैसे भाषा, लेखन, कला, संगीत, रेडियो, टीवी, इंटरनेट, या जनसंचार के अन्य उपकरण।


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पूरी तरह बंद कर दिया है। बच्चों की मानसिक सेहत बचाने के लिए उठाया गया यह कदम पूरी दुनिया के लिए एक क्रांतिकारी मिसाल है।**

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
“
पथ मैं काटे तो होंगे ही
दुर्वादल,सरिता,सर होंगे
सुंदर गिरि, वन,वापी होंगी
सुंदर-सुंदर निर्झर होंगे
सुंदरता की मृगतृष्णा में
पथ भूल जाना पथिक कहीं।
शिवमंगल सिंह सुमन
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


जानकी बल्लभ पटनायक
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जन्म- 3 जनवरी 1927
मृत्यु- 21 अप्रैल 2015
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले
3 जनवरी 1831 – 10 मार्च 1897
Madhu priya
/teachersofbihar



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ललित नारायण मिश्र
2 फरवरी 1923 – 3 जनवरी 1975
Madhu priya
/teachersofbihar